निबंधन व शर्तें

सलाहकार (सामग्री और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपरोक्त उल्लिखित पद पर पूर्णतः संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवार से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकायें और उत्तरदायित्व

परामर्शदाता स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के परिवार नियोजन प्रभाग में तैनात होगा और सीधे उपायुक्त, परिवार नियोजन की देखरेख में कार्य करेगा। इस पद की विशिष्ट जिम्मेदारियाँ इस प्रकार हैं:

1. गर्भनिरोधक आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रापण प्रभाग और सीएमएसएस के साथ समन्वय करना
2. राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को सामग्रियों की समय पर आपूर्ति के लिए जीएमएसडी और सीएमएसएस गोदामों के साथ समन्वय करना
3. एफपीएलएमआईएस एप्लीकेशन के रखरखाव में तकनीकी गड़बड़ियों के सुधार के लिए आईटी सेल (सी-डैक) को तकनीकी सहायता प्रदान करना
4. एफपीएलएमआईएस पर प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ समन्वय करना
5. त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट के संबंध में निश्चय किट (पीटीके) की आपूर्ति की स्थिति का विश्लेषण करना
6. राज्यों की आपूर्ति की स्थिति पर नियमित अपडेट तैयार करना
7. समय-समय पर पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्य

अपेक्षित योग्यताएं एवं अनुभव

- सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने के कम से कम 2 साल के अनुभव के साथ किसी भी विषय में स्नातकोत्तर।
- परिवार नियोजन वस्तुओं के रसद प्रबंधन में कार्य करने का अनुभव अनिवार्य है।

अनिवार्य कौशल एवं सक्षमता

- कंप्यूटर में प्रवीणता और आपूर्ति तथा रसद प्रबंधन से संबंधित सॉफ्टवेयर पर कार्य करने का अच्छा ज्ञान।
- आपूर्ति और रसद प्रबंधन का तकनीकी ज्ञान
- अच्छा संचार और लेखन कौशल
- अच्छे अंतर-कार्मिक कौशल

रिपोर्टिंग: उपायुक्त (परिवार नियोजन), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

आयु: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को ऊपरी आयु सीमा 50 वर्ष और क्षेत्र के दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य।

परिलब्धि की सीमा: 60,000/ रूपए से 1,20,000/- रूपए प्रति माह के बीच।

स्थान: नई दिल्ली

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **28-Jun-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर rch.recruitment@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।